प्रेषिका,

इशिता सिंह,

अपर सिविल जज (जू०डि०),

कोर्ट सं०-7 सीतापुर।

आई०डी०-यू०पी० 3600

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,

माननीय उच्च न्यायालय,

इलाहाबाद।

द्वारा- श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,

सीतापुर।

विषय- LL.M. का अध्ययन जारी रखने तथा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान् निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय की अधिसूचना संख्या 4239/एडमिन (सर्विसेज)/2019 दिनांकित-13-12-2019 के अनुपालन में मेरे द्वारा जनपद न्यायालय सीतापुर में अपर सिविल जज (जू०डि०),कोर्ट सं०-7, , सीतापुर के पद पर दिनांक-14-12-2019 को पूर्वाह्न में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। मेरे द्वारा इस न्यायिक सेवा में नियुक्ति के पूर्व LL.M. (प्रथम वर्ष) सत्र 2019-20 (दूरस्थ शिक्षा के अन्तर्गत) के अध्ययन हेतु कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में आनलाइन आवेदन सितम्बर 2019 में किया गया था, जिसकी परीक्षा निकट भविष्य में सम्भावित है।

अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि दूरस्थ शिक्षा के अन्तर्गत LL.M. का अध्ययन जारी रखने तथा इसकी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु यह प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। महोदय उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने से अधोहस्ताक्षरी का न्यायिक कार्य प्रभावित नहीं होगा।

सादर,

दिनांक-01-02-2020

भवदीया,

Ishita Singh

(इशिता सिंह),

न्यायालय अपर सिविल जज (जू०डि०),

कोर्ट सं०-7, सीतापुर।

आई०डी०-यू०पी० 3600

OFFICE OF THE DISTRICT JUDGE
SITAPUR
NO 453/2020 DATE 01/02/2020
FORWARDED
District Judge
Sitapur

Scanned with CamScanner